web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

SJU Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 11 जुलाई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-279

## स्पीकर पर लगाया इस्तीफे स्वीकारने में देरी का आरोप

### बागी विधायक पहुंचे सुप्रीम कोर्ट



**मुंबई (आरएनएस)।** कर्नाटक में कांग्रेस-जदएस गठबंधन की सरकार बचाने के लिए दोनों ही दलों पूरी ताकत झोंक दी है। राज्य के मंत्री डीके शिवकुमार और जेडीएस के विधायक शिवलिंगे गौड़ा बागी विधायकों को मनाने मुंबई के होटल पहुंचे जहां पुलिस ने उन्हें रोक दिया। बागी विधायकों ने पुलिस को पत्र लिखकर खुद को खतरा बताया है। इस बीच, मुंबई के होटल ने आपात स्थितियों का हवाला देते हुए डीके शिवकुमार की बुकिंग रद कर दी है। दूसरी ओर बागी विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष पर इस्तीफे स्वीकार करने में देरी का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

कांग्रेस-जेडीएस के बागी विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष केआर रमेश कुमार पर अपने संवैधानिक कर्तव्य को छोड़ने और जानबूझकर उनके इस्तीफे की स्वीकृति में देरी का आरोप लगाते हुए याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर ली है। वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने मामले को सीजेआई के सामने रखा। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट गुरुवार 11 जुलाई को सुनवाई कर सकता है।

दरअसल, विधानसभा अध्यक्ष केआर रमेश कुमार इस्तीफे को खारिज कर दिया था। इसके खारिज करने की वजह इस्तीफा तय फॉर्मेट में नहीं होना बताया गया था। स्पीकर ने इन विधायकों को अब दोबारा इस्तीफा सौंपने के लिए कहा था। इस्तीफों के खारिज होने के बाद गठबंधन सरकार अल्पमत में आने से बच गई है और उसे थोड़ी राहत मिली थी।

इसको लेकर विधानसभा अध्यक्ष से सवाल किया गया था कि क्या कांग्रेस के कानूनी प्रकोष्ठ ने उन्हें इस्तीफा स्वीकार नहीं किए जाने के लिए कोई पत्र लिखा है? कुमार ने कहा था कि उन्होंने अभी पत्र नहीं देखा है.मैं शनिवार को ऑफिस से जाने के बाद आज ही आया हूं। रमेश ने कहा था किसंविधान या नियम में समय सीमा को लेकर कोई प्रावधान नहीं है। आज मैं इसे तय करूंगा या अगले दो घंटों में, इसे दो साल बाद करूंगा, ये सभी मेरे लिए अप्रासंगिक प्रश्न हैं। मुझे लोगों की भावनाओं का ध्यान रखना है।आपको बता दें कि बागी विधायकों के इस्तीफों के बाद सदन में गठबंधन सरकार के विधायक घटकर 103 हो गए हैं। जबकि भाजपा के पास 105 विधायक हैं और दो निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन है जिन्होंने सोमवार को गठबंधन से समर्थन वापस ले लिया था।

## जातीय हिंसा में महिलाओं और बच्चों समेत 16 की मौत



**हेला।** पापुआ न्यू गिनी में हुई जातीय हिंसा में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने हेला के गवर्नर फिलीप उनडियालु के हवाले से यह जानकारी दी।

उनडियालु ने एबीसी प्रसारक को बताया कि यह नरसंहार सोमवार को कारिदा नामक गांव में हुआ। इस नरसंहार के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। हेला प्रांत के गवर्नर ने इस जातीय हिंसा पर हैरानी व्यक्त करते हुए इसकी कड़ी निंदा की है।

उनडियालु ने टेलीविजन चैनल से बातचीत में कहा, हमने इस क्षेत्र में इस प्रकार की हिंसा के बारे में इससे पहले कभी नहीं सुना है, यह किसी अन्य क्षेत्र में हुई हिंसा का परिणाम है।

इसी बीच, स्थानीय पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि स्थानीय कमांडर की ओर से जानकारी मिलने के बाद ही इन हत्याओं की पुष्टि की जायेगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कराची में टीवी चैनल के एक एंकर की हत्या

**कराची।** पाकिस्तान के एक प्रमुख टीवी चैनल के एक एंकर की निजी दुश्मनी की वजह से गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'बोल न्यूज' के एंकर मुरीद अब्बास का खैबान-ए-बुखरी क्षेत्र में मंगलवार की रात धन-संपत्ति को लेकर कुछ लोगों के साथ तीखी बहस हुई जिसके बाद यह एक हिंसक झड़प में तब्दील हो गई। डीआईजी दक्षिण, शरजील खराल ने बताया कि आरोपी ने एंकर और उनके दोस्त की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने संदिग्ध के घर छापेमारी की और उसे आत्महत्या की कोशिश करते हुए पकड़ा। अधिकारी के अनुसार संदिग्ध ने अपने सीने में गोली मारी है और उसे नाजुक स्थिति में एक अस्पताल में भर्ती किया गया। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने इस घटना के बाद कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं ।

### अमेरिकी राजनयिक को जासूसी के मामले में 40 महीने की सजा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के एक राजनयिक को मंगलवार को जासूसी के आरोप में दोषी करार देते हुए 40 महीने की सजा सुनाई गई। उस पर चीन के खुफिया विभाग से उन्हें धन के बदले अमेरिकी दस्तावेज सौंपने का आरोप है। अमेरिकी न्याय विभाग ने कहा कि 63 वर्षीय कन्डांस मैरी क्लाईबोर्न ने अमेरिका के साथ कई बड़े मामलों में से एक में अमेरिका के खिलाफ जासूसी करने का अपराध स्वीकार कर लिया है। उस पर 40,000 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है। क्लाईबोर्न को 2 साल साल पहले एक जांच के बाद गिरफ्तार किया गया था लेकिन उस पर जासूसी का आरोप नहीं लगा था। लेकिन अप्रैल,2019 में उसने अमेरिका के साथ धोखाधड़ी करने, जांचकर्ताओं से झूठ बोलने और विदेशी एजेंटों के साथ अपने संपर्क को अवैध तरीके से छुपाने के अपराध को स्वीकार कर लिया।

### अमेरिका ने मिसाइल खरीद को लेकर तुर्की को फिर दी चेतावनी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने मंगलवार को तुर्की को लेकर फिर चेतावनी जारी करते हुए कहा कि अगर वह रूस की मिसाइल प्रणाली खरीदता है तो इसके परिणाम उसे भुगतने होंगे। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने पिछले महीने ट्रंप से मिलने के बाद कहा था कि उन्हें विश्वास है कि एस-400 खरीदने पर तुर्की प्रतिबंधों का सामना नहीं करेगा। दरअसल इससे पहले पेंटागन ने औपचारिक तौर पर अंकारा से यह खरीद 31 जुलाई तक रद्द करने के लिए या फिर एफ-34 युद्धक विमान कार्यक्रम से बाहर निकलने कौ तैयार रहने को कहा था। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मॉर्गन ओर्टागुस ने संवाददाताओं को बताया, '' तुर्की अगर एस-400 स्वीकार करता है तो वह वास्तविक और नकारात्मक परिणाम का सामना करेगा।''

### मेट्रो में महिलाओं को मुफ्त सफर प्रस्ताव के खिलाफ पीआईएल खारिज

**» याचिकाकर्ता पर ठोका जुर्माना**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली मेट्रो में किराया घटाने की मांग को लेकर दायर की गई जनहित याचिका की सुनवाई से इनकार कर दिया. इसके साथ ही मेट्रो में महिलाओं को मुफ्त सफर के प्रस्ताव के विरोध को भी खारिज कर दिया. इस संबंध में हाईकोर्ट ने कहा कि यह सरकार का काम है कि महिलाओं को किराए में छूट देनी है या नहीं. दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है. बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट में यह कहते हुए जनहित याचिका दायर की गई कि महिलाओं को किराए में छूट का प्रस्ताव सही नहीं है. बल्कि दिल्ली मेट्रो का किराया घटाना चाहिए. जिससे सभी को राहत मिले. हालांकि हाईकोर्ट ने इसका फैसला करना राज्य सरकार का काम बताया. दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान किया.

## अलगाववादी आसिया अंद्राबी को झटका, एनआईए ने अटैच की संपत्ति

**» टेरर फंडिंग केस**



**श्रीनगर (आरएनएस)।** टेरर फंडिंग केस में गिरफ्तार अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी के घर को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को सीज़ कर दिया. गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, आसिया अंद्राबी के घर को अटैच किया गया है. प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन दुख्तारन-ए-मिल्लत की मुखिया आसिया अंद्राबी पर आरोप है कि उसने अपने घर का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधि के लिए किया था.

एनआईए की कार्रवाई के बाद अंद्राबी श्रीनगर के अपने इस घर को तब तक नहीं बेच सकती, जब तक पूरे मामले की जांच पूरी नहीं हो जाती. वैसे एनआईए ने यहां उनके परिवार को रहने की इज़ाजत दी है.

बता दें कि एनआईए ने पिछले महीने कहा था कि जम्मू-कश्मीर में टेरर फंडिंग के मामले में कट्टरपंथी अलगाववादी नेताओं को विदेशों से फंड मिले. उन्होंने इसका इस्तेमाल अपने लिए संपत्ति खरीदने से लेकर अपने बच्चों को विदेशों में शिक्षा देने पर किया.

हाल ही में आसिया अंद्राबी ने भी यह स्वीकार किया था कि वह पाकिस्तानी सेना के एक अधिकारी के जरिये लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद के करीब आई. हाफिज सईद अंद्राबी को अपनी मुंह बोली बहन बताता है. अंद्राबी के साथ ही दो अलगाववादी नेताओं से इन दिनों एनआईए पूछताछ कर रही है.

## मोटरसाइकिल पर आए हमलावरों ने बरसाई गोलियां, 1 की मौत

**» दिल्ली में गैंगवार**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली में आपराधिक वारदातें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं. अब मंगलवार देर रात संगम विहार क्षेत्र में हुए गैंगवार में एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई. मृतक की पहचाना निशांत के तौर पर हुई है जो अपने घर के बाहर रात को खड़ा था. इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात हमलावरों ने उसके सिर पर गोली मार दी. जिसके चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है.

वारदात संगम विहार के एल ब्लॉक में हुई. पुलिस के अनुसार जैसी ही निशांत पर फायरिंग हुई इलाके में हंगामा हो गया. लोग तत्काल निशांत की तरफ पहुंचे. उसके सिर के पीछे से गोली मारी गई थी. लोग उसे पास ही मौजूद अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. इसके बाद से ही इलाके में तनाव का माहौल है.

मामले की पड़ताल कर रही पुलिस के अनुसार हत्या के सही कारणों का अभी पता नहीं चल सका है. लेकिन पुलिस मान रही है कि यह मामला आपसी रंजिश का हो सकता है. वहीं इस संबंध में पुलिस से जब गैंगवार के बारे में पूछा गया तो पुलिस ने अभी इस बारे में कोई भी जानकारी होने से इनकार किया. पुलिस का कहना है कि मामला गैंगवार का हो सकता है लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है. पुलिस अब इलाके में लगे सीसीटीवी की फुटेज के साथ ही स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है. गौरतलब है कि संगम विहार इलाके में पहले भी गैंगवार के तहत कई लोगों की हत्या की जा चुकी है.

## राज्यसभा में उठा लंका से आये तमिल शरणार्थियों को नागरिकता देने की मांग



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** तृणमूल कांग्रेस के अहमद हसन ने आज राज्यसभा में कहा कि श्रीलंका में हिंसा के कारण लगभग 29 साल पहले भारत आये तमिल शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता दी जानी चाहिए।

सदन में शून्यकाल के दौरान हसन ने कहा कि श्रीलंका से भारत आये तमिल शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये लोग भारतीय संस्कृति में रच बस गये हैं। उन्होंने कहा कि यदि यह संभव नहीं है तो इनकी वापसी के लिए श्रीलंका सरकार के साथ बातचीत कर पुनर्वास की व्यवस्था होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, बंगलादेश और अफगानिस्तान में प्रताड़ना से परेशान होकर भारत आये हिन्दू, सिख और बौद्धों की तर्ज पर श्रीलंका से आये हिन्दुओं को भी नागरिकता देने का प्रावधान किया जाना चाहिए। इन देशों में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर सरकार को संबंधित सरकारों से बात करनी चाहिए।

तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन ने चाय बागानों में मजदूरों की बदहाली का मामला उठाया और तुरंत कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि चाय बागानों में मजदूरों को हालत बहुत खराब है और उनकी काम के स्थलों तथा बस्तियों में आधारभूत सुविधायें भी नहीं है। मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

भारतीय जनता पार्टी के समीर ओरांव गुमला जिले में बाक्साइट की खदानों का मामला उठाया और कहा कि खदानों के बंद होने से जिले में रोजगार का संकट पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार को जिले में खनन कार्य फिर शुरू करने की अनुमति देनी चाहिए जिससे खनन मजदूरों, ट्रक चालकों और अन्य लोगों को रोजगार मिल सके।

अन्नाद्रमुक के के. आर. अर्जुन ने कोयंबटूर के आस पास के क्षेत्रों में चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने तथा मेडिकल कालेज खोलने की मांग की। तृणमूल कांग्रेस अधीररंजन शर्मा ने कोयला आवंटन में पश्चिम बंगाल के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया।

## सदन में शक्ति परीक्षण पर भाजपा राज्यपाल के निर्देश का पालन करेगी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय मंत्री डी वी सदानंद गौड़ा ने आज कहा कि कर्नाटक विधानसभा में शक्ति परीक्षण को लेकर राज्यपाल का जो निर्देश होगा उनकी पार्टी उसका पालन करेगी । गौड़ा ने यहां एक कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि 224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा में उनकी पार्टी के 107 विधायक हैं । राज्य में सत्तारुढ कांग्रेस और जनता दल (एस) के 14 विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है । ऐसी स्थिति में विधानयभा में शक्ति परीक्षण को लेकर राज्यपाल का जो निर्देश होगा उनकी पार्टी उसका पालन करेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के 105 विधायक निर्वाचित हुए थे और उनकी पार्टी सरकार बनाने में विफल रही थी । जिसके बाद वे विपक्ष में बैठे । इस्तीफ देने वाले कुछ विधायक अगर भाजपा से बातचीत करना चाहते हैं तो उन्हें इसका मौका दिया जाना चाहिए।

## अदालत में आरोपी बनकर पहुंचा 7 साल का बच्चा, केस खारिज



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत में चेक बाउंस मामले में जब एक सात साल का बच्चा बतौर आरोपी अदालत में दाखिल हुआ तो जज सहित मौजूद तमाम लोग चौंक गए. स्कूल की यूनिफॉर्म पहन कर अपने खिलाफ दायर किए गए मामले की सुनवाई में पहुंचे इस बच्चे को देखते ही फौरन जज ने मामले को ही खारिज कर दिया.


जानकारी के मुताबिक साहिबाबाद निवासी शिकायकर्ता सिद्धार्थ अग्रवाल के पिता और टीटू शर्मा एक दूसरे के साथ व्यापार करते थे. उन्होंने टीटू को चांदनी चौक स्थित उसकी दुकान पर माल सप्लाई किया. जिसके एवज में टीटू शर्मा ने चैक दे दिया. कहा गया कि मई 2018 में जो माल सप्लाई किया गया था उसमें 33 हजार रुपये का माल खराब निकला लेकिन टीटू शर्मा इस माल का भुगतान चैक के माध्यम से कर चुका था.

जब शिकायतकर्ता के पिता इस चैक को भुनाने के लिए बैंक में गए तो यह बाउंस निकला. इसके बाद शिकायतकर्ता के पिता ने टीटू शर्मा के बेटे के नाम कानूनी नोटिस भेजकर 33 हजार रुपये का भुगतान 15 दिन के अंदर करने की मांग की. कोर्ट के सामने आरोपी बच्चे की ओर से वकील विशेष राघव ने बताया कि शिकायतकर्ता ने टीटू शर्मा के बेटे के नाम से नोटिस भेज तो दिया जबकि उन्हें पता ही नहीं था कि यह बच्चा नाबालिग है.

वहीं कोर्ट ने आरोपी बनाए गए बच्चे के पिता को छूट दी है कि वह शिकायतकर्ता के खिलाफ प्रताड़ना का मुकदमा दायर कर सकते हैं. जिसमें उनके नाबालिग 7 साल के बेटे को आरोपी बनाया गया. बता दें कि यह मामला साहिबाबाद का है. जहां सिद्धार्थ अग्रवाल नाम के शिकायतकर्ता ने मई 2018 में टीटू शर्मा के पुत्र के खिलाफ मुकदमा दायर कर दिया.

## प्लेन के लैंडिंग गियर गेट में फंसी टेक्निशियन की गर्दन, मौत

**» एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा**



**कोलकाता (आरएनएस)।** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट के एक टेक्नीशियन की मौत हो गई. टेक्नीशियन रोहित पांडेय बुधवार सुबह 1 बजे एयरक्राफ्ट में काम कर रहा था. तभी रोहित विमान के मेन लैंडिंग गियर में फंस गया और उसकी मौत हो गई.

फायर ब्रिगेड की मदद से रोहित के शव को बाहर निकाला गया. अभी तक स्पाइजेट की ओर से कोई बयान नहीं आया है. खबरों के मुताबिक, टेक्नीशियन रोहित रात लगभग एक बजे बॉम्बार्डियर क्यू400 के लैंडिंग गियर में कुछ काम कर रहा था. तभी लैंडिंग गियर का दरवाजा अचानक बंद हो गया और रोहित उसमें फंस गया.

घटना के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ने मामले के जांच के आदेश दिया है. वहीं स्पाइसजेट ने अपने बयान में कहा, कोलकाता एयरपोर्ट पर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में हमारे टेकनीशियन रोहित पांडे का निधन हो गया. वह एक क्यू400 विमान के दाहिने साइड के मुख्य लैंडिंग गियर व्हील वेल एरिया में रखरखाव का काम कर रहे थे. इस विमान को एयरपोर्ट के बे नंबर 32 में पार्क किया गया था. अनजाने में मुख्य लैंडिंग गियर हाइड्रोलिक डोर बंद हो गया और वह हाइड्रोलिक डोर फ्लैप के बीच फंस गए. पांडे को बचाने के लिए हाइड्रोलिक दरवाजे तोड़े गए लेकिन उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. पूरा स्पाइसजेट परिवार इस दुखद दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर एक साथ खड़ा है.

## दक्षिण कोरिया के नेता ने प्रतिबंधों को लेकर जापान की टिप्पणी की निंदा की



**सोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जेई इन ने उत्तर कोरिया पर लगाए गए उनके देश के प्रतिबंधों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करने वाले जापानी अधिकारियों के बयानों की बुधवार को आलोचना की। यह मामला पड़ोसी अमेरिकी सहयोगियो के बीच राजनयिक विवाद का विषय बन गया है।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति आवास में दक्षिण कोरियाई व्यापारिक नेताओं के साथ बैठक में मून ने कहा कि उनकी सरकार मामले को राजनयिक तरीके से सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्होंने जापान से अपील की कि वह स्थिति को ऐसी दिशा में नहीं ले जाए जहां रास्ते बंद हो जाएं। जापान ने दक्षिण कोरियाई कंपनियों को फोटोरजिस्ट और अन्य संवेदनशील सामग्रियों की जापानी खेप के लिए मंजूरी की प्रक्रिया पिछले सप्ताह कड़ी कर दी थी।

## सत्तर लाख युवाओं के लिए रोजगार सृजित होगाः पांडेय

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय ने कहा कि घरेलू अर्थव्यवस्था के तेज रफ्तार पकड़ने की बदौलत आने वाले महीनों में भारत को 70 लाख से भी ज्यादा कुशल श्रम बल की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि भारत की 62 प्रतिशत से भी अधिक आबादी युवा है और दुनिया की सर्वाधिक कुशल आबादी वाली अर्थव्यवस्थाओं में भारत को भी शुमार करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है।